**LSMT – E (Hindi)**

# विद्यार्थियों के लिए निर्देश

**1.** इस गतिविधि का उद्देश्य यह है कि हम आपको और अच्छे से समझ सकें।

**2.** यह कोई परीक्षा नहीं है।

**3.** अपने सहपाठियों से चर्चा करे बिना इस गतिविधि को ध्यान से पढ़कर खुद पूरा करें।

**4.** इस गतिविधि में 36 स्थितियां दी गईं हैं, जो आपके जीवन, परिवार और मित्रों से जुड़ी हुई हैं।

**5.** हर स्थिति के लिए चार विकल्प (choices) दिए गए हैं।

**6.**. प्रत्येक स्थिति और विकल्प को ध्यान से पढ़ें, समझें और केवल इन चारों में से एक सबसे उपयुक्त/उचित विकल्प (choice) को चुनें और उसके नीचे बॉक्स में टिक (√) का चिह्न लगाएं।

अभ्यास के लिए –

क. नीचे दिए गए अभिनेताओं/एक्टरों में से अपना सबसे प्रिय एक्टर चुनें और उस बॉक्स में टिक (√) लगाएं।

| रणबीर सिंह | टाइगर श्रॉफ | अमिताभ बच्चन | वरुण धवन |
|---|---|---|---|
| | | | |

ख. नीचे दी गई खाने की चीज़ों में से अपनी सबसे मनपसंद चीज़ चुनें और उस बॉक्स में टिक (√) लगाएं।

| समोसा | आइसक्रीम | करेला | गोलगप्पा |
|---|---|---|---|
| | | | |

unicef for every child

YOUNG LIVES INDIA

| नाम | | कक्षा | | लड़का/लड़की/अन्य | | आयु | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|

**बबीता और पायल दोस्त हैं और एक ही विद्यालय में पढ़ती हैं।**

1. एक दिन बबीता पायल के घर शाम को खेलने जाती है। पायल घर में लूडो खेलना चाहती है जबकि बबीता झूला झूलना चाहती है। यदि आप बबीता की जगह होते तो आप :

| | | | |
|---|---|---|---|
| पायल के साथ चर्चा करते कि बाहर झूला–झूलना बेहतर है। | पायल को ज़ोर देकर झूला झूलने के लिए राज़ी करते। | पायल से चर्चा करे बिना उसे झूला–झूलने के लिए मना लेते। | पायल से इस बारे में कोई समझौता करने की कोशिश ही नहीं करते। |
| | | | |

2. जब बबीता पायल के घर से खेल कर घर वापस पहुँचती है तो देखती है कि उसकी कलाई पर उसकी घड़ी नहीं है। जब वह पायल से घड़ी का पता करने के लिए फोन करती है तो पायल अपने घर पर ढूँढकर बताती है कि घड़ी वहाँ नहीं है। यदि आप बबीता की जगह होते तो आप :

| | | | |
|---|---|---|---|
| अपनी बहन को घड़ी ढूँढने पायल के घर भेजने की सोचते। | अपनी घड़ी ढूँढते हुए पायल के घर तक जाने की सोचते। | अपनी घड़ी घर पर ही ढूँढने की सोचते। | अपनी घड़ी के बारे में ही सोचते रहते। |
| | | | |

3. अध्यापिका बबीता की कक्षा में छात्रों को माचिस की तीलियों से कोई डिज़ाइन बनाने के लिए कहती है। यदि आप बबीता की जगह होते तो :

| | | | |
|---|---|---|---|
| आप अपने दोस्त के डिज़ाइन को थोड़ा बदलकर अपना डिज़ाइन बनाने की सोचते। | आप किताब में दिए गए किसी डिज़ाइन की नकल करके डिज़ाइन बनाने की सोचते। | आप सोचते कि माचिस की तीलियों से तो कुछ भी नहीं बन सकता है। | आपके दिमाग में तरह–तरह के नए डिज़ाइन उभरते। |
| | | | |

4. बबीता से पायल की गणित की कॉपी खो जाती है। अगले दिन गणित की परीक्षा है और बबीता को इस मुश्किल का हल ढूँढना है। यदि आप बबीता की जगह होते तो आप :

| | | | |
|---|---|---|---|
| अपनी तैयारी पूरी करके अपनी कॉपी पायल को देने की सोचते। | कॉपी तुरंत पायल को देने की सोचते। | खोई हुई कॉपी की चिन्ता करते रहते। | अपनी परीक्षा की तैयारी पायल के घर जाकर करने की सोचते। |
| | | | |

5. पायल को हाथ में चोट लगने के कारण प्लास्टर लग जाता है। वह पेंसिल ठीक से पकड़ नहीं पाती और यह देखकर बाकी बच्चे उसे चिढ़ाते हैं। यदि आप बबीता की जगह होते तो आप :

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोचते कि पायल को कितना दर्द हो रहा होगा और काश कोई उसकी मदद करता। | पायल की तकलीफ को महसूस करते आरै सोचते कि बाकी बच्चों को उसे चिढ़ाना नहीं चाहिए। | सोचते कि यह आपकी समस्या नहीं है। | दया भाव से पायल को देखते। |
| | | | |

6. बबीता को पायल से कुछ बात करनी है। जब वह पायल के पास जाती है तो पायल उसकी बातों का कोई उत्तर नहीं देती। यदि आप बबीता की जगह होते तो आप :

| | | | |
|---|---|---|---|
| पायल के उत्तर न देने पर आगे बात करने की कोशिश ही नहीं करते। | पायल के पास बैठकर उससे बात करने की कोशिश करते। | पायल से खीझ/चिढ़ कर पूछते कि वह बात क्यों नहीं कर रही है। | पायल जब तक जवाब नहीं देती उससे पूछते ही रहते। |
| | | | |

7. एक दिन बबीता अपना होमवर्क पूरा करने के बाद सोचती है कि वह बाहर खेलने जाए या घर में ही खेले। वह देखती है कि बाहर अंधेरा हो गया है। यदि आप बबीता की जगह होते तो आप :

| | | | |
|---|---|---|---|
| उलझन मे ंरहते आरै कोई फैसला नहीं ले पात।े | बिना सोच–विचार करे बाहर खेलने का फैसला लेते। | सोच विचार कर बाहर खेलने का फैसला लेते। | सोच विचार कर घर में ही खेलने का फैसला लेते। |
| | | | |

8. बबीता को नृत्य/डांस का शौक है और वह रोज़ नृत्य का अभ्यास करती है। लेकिन स्कूल में नृत्य के एक प्रोग्राम में वह चुनी नहीं जाती। यदि आप बबीता की जगह होते तो आप :

| | | | |
|---|---|---|---|
| इस फैसले से दुखी होकर कुछ दिन के लिए नृत्य का अभ्यास बन्द कर देत। | इस फैसले के कारण नृत्य करना बिलकुल छोड़ देते। | इस फैसले से खुश न होने पर भी नृत्य का अभ्यास करते रहत। | इस फैसले को स्वीकार कर लेते और लगन से नृत्य करते रहत। |
| | | | |

9. कक्षा के लिए मॉनीटर का चुनाव होना है। लक्ष्मी मॉनीटर पद के लिए खड़ी हो रही है। बबीता को लगता है कि वह बच्चों पर ज़्यादा रोब जमाएगी। बबीता के दोस्त उसे भी चुनाव में खड़े होने को कहते हैं। यदि आप बबीता की जगह होते तो आप :

| | | | |
|---|---|---|---|
| उलझन में होने के कारण पद के लिए अपना नाम नहीं देते। | बिना झिझक इस पद के लिए अपना नाम दे देते। | इस पद के लिए अपना नाम देने की ज़रा भी इच्छा नहीं रखते। | उलझन में होने पर भी इस पद के लिए अपना नाम दे देते। |
| | | | |

**राजेश बारह साल का लड़का है। उसे कहानियां पढ़ना, सजावट की चीज़ें बनाना और खेलना बहुत अच्छा लगता है।**

10. आने वाले त्यौहार के अवसर पर अध्यापक बच्चों को पुराने अखबार से सजावट की चीज़ें बनाने के लिए कहते हैं। यदि आप राजेश होते तो :

| | | | |
|---|---|---|---|
| आप सोचते कि पुराने अखबार से कुछ भी नहीं बन सकता। | आपके दिमाग में कई नए तरह–तरह के डिज़ाइन उभरते। | आप किताब में दिए गए किसी डिज़ाइन की नकल करके डिज़ाइन बनाने की सोचते। | आप अपने दास्त के डिज़ाइन को थोड़ बदलकर अपना डिज़ाइन बनान`की सोचत। |
| | | | |

11. जब राजेश घर पहुंचता है तो वह सुनता है कि उसकी बड़ी बहन उसकी शिकायत अपनी सहेली रीटा से कर रही है। यदि आप राजेश की जगह होते तो आप :

| | | | |
|---|---|---|---|
| रीटा के जाने के बाद अपनी बहन को कहते कि कभी किसी से आपकी शिकायत न करे। | अपनी बहन से बात ही नहीं करते। | रीटा के जाने के बाद अपनी बहन से चर्चा करते कि उसने ऐसा क्यों किया। | रीटा के सामने ही अपनी बहन को टोकते। |
| | | | |

12. राजेश खुशी–खुशी आने वाले त्यौहार की तैयारी में लगा हुआ था। अचानक उसके पैर में चोट

लग जाती है। डॉक्टर उसे ज़्यादा चलने–फिरने से मना करते हैं। यदि आप राजेश की जगह होते तो आप :

| | | | |
|---|---|---|---|
| दर्द के कारण बिस्तर पर लेटे रहते और त्यौहार नहीं मनाते। | दर्द के बावजूद जितना हो पाता उतना त्यौहार मनाते। | दर्द के कारण कई बार रोते और त्यौहार मनाने की कोशिश करते। | दर्द के बावजूद हिम्मत बनाए रखते और त्यौहार का आनंद उठाते। |
| | | | |

13. अध्यापक ने राजेश को सभी बच्चों के साथ मिलकर कक्षा सजाने का काम दिया है। राजेश सजावट करने में कुशल है और खुद ही ब्लैकबोर्ड सजाना चाहता है। लेकिन कक्षा के और बच्चे भी इस काम में भाग लेना चाहते हैं। यदि आप राजेश की जगह होते तो आप :

| | | | |
|---|---|---|---|
| बच्चां`से चर्चा कर के सहमति लेते कि ब्लैकबोर्ड कैसे सजाएंग। | बिना चर्चा किए बच्चां` को मना लेते कि ब्लैकबोर्ड आप ही सजाएंगे। | बच्चों को मजबूर करते कि ब्लैकबोर्ड आप ही सजाएंगे। | बच्चों से समझौता करे बिना खुद ही ब्लैकबोर्ड सजा देते। |
| | | | |

14. राजेश से उसकी माँ का प्रिय फूलदान जिसमें फूल सजे हुए थे, दो टुकड़ों में टूट जाता है। यदि आप राजेश की जगह होते तो आप :

| | | | |
|---|---|---|---|
| कोई दूसरा फूलदान ढूंढकर फूलों को सजाने की सोचते। | फूलों को किसी ग्लास में सजाने की सोचते। | फूलदान और फूलों को कूड़े में फेंक देने की सोचते। | फ़ेविकाल से फूलदान को जोड़कर फूलों को सजाने की सोचते। |
| | | | |

15. आधी छुट्टी के दौरान, राजेश अपने मित्रों के साथ मैदान में खेल रहा है और उसकी नज़र व्हील चेयर पर बैठे एक लड़के पर पड़ती है जो उदास लग रहा है। यदि आप राजेश की जगह होते तो आप :

| | | | |
|---|---|---|---|
| उसके लिए कोई भावना नहीं रखते। | उसके अकेलेपन को महसूस करते और सोचते कि उसे अपने समूह में कैसे शामिल करें। | उसे दया भाव से देखते। | सोचते कि शायद वह भी मैदान में खेलना चाहता होगा। |
| | | | |

16. राजेश देखता है कि एक खाली कक्षा में उसके दो दोस्त एक–दूसरे के साथ मारपीट कर रहे

| | | | |
|---|---|---|---|
| उनसे बात करके लड़ाई खत्म करने का हल सोचते। | टीचर को ढूंढकर बुलाने की सोचते। | उनकी लड़ाई पर ध्यान नहीं देते। | बीच में पड़कर उनकी लड़ाई रोकने की सोचते। |
| | | | |

17. राजेश को रंगोली बनाना पसंद है। उसके विद्यालय के वार्षिक उत्सव में रंगोली प्रतियोगिता होने वाली है। उसे यह चिंता है कि बहुत से लड़के इस प्रतियोगिता में भाग नहीं लेंगे और उसे चिढ़ाएंगे। यदि आप राजेश की जगह होते तो आप :

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रतियोगिता में भाग लेने की इच्छा नहीं रखते। | प्रतियोगिता में दूसरे लड़कों की वजह से भाग नहीं लेना चाहते। | प्रतियोगिता में बिना झिझक भाग लेना चाहते। | उलझन होने पर भी प्रतियोगिता में भाग लेना चाहते। |
| | | | |

18. राजेश अपने मित्र के साथ मेले में जाता है। मेले में कई स्टॉल/दुकानें हैं। उसके पास सिर्फ़ एक ही पर्ची है, इसलिए वह सिर्फ़ एक ही खेल चुनकर खेल सकता है। यदि आप राजेश की जगह होते तो आप :

| | | | |
|---|---|---|---|
| उस स्टॉल को चुनते जिसमें सबसे बड़ा इनाम है। | किसी भी स्टॉल में खेलने का फैसला नहीं कर पाते। | उस स्टॉल को चुनते जिसमें कम लोग खेल रहे होते। | उस स्टॉल को चुनते जहां जीतने की ज़्यादा उम्मीद होती। |
| | | | |

**कमला बहुत ही चुपचाप रहने वाली शर्मीली लड़की है। अपने खाली समय में वह चित्रकला और खिलौने बनाना पसंद करती है।**

19. अध्यापिका ने गणित की कक्षा में कमला के साथ बैठी लड़की से एक प्रश्न पूछा जिसका वह सही उत्तर नहीं दे पाई। सब उस लड़की पर हंसने लगे। यदि आप कमला की जगह होते तो :

| | | | |
|---|---|---|---|
| आपको लगता कि वह सोच रही होगी कि काश वह सही उत्तर दे पाती। | आप इस स्थिति पर ध्यान नहीं देते। | आप दया भाव से उसे देखते। | आप उसकी स्थिति समझकर सोचते कि काश बच्चे उस पर न हंसते। |
| | | | |

20. अध्यापिका कक्षा में एक पाठ पर चर्चा कर रही है। सभी बच्चे एक साथ बोलने लग जाते हैं। यदि आप कमला की जगह होते तो आप :

| | | | |
|---|---|---|---|
| परेशान हो जाते और ऊँची अवाज़ में अपनी बात कहते। | बार–बार दूसरों की बातचीत के बीच में ही अपनी बात कहते। | दूसरां`की बात सुनकर अपनी बारी आने पर अपनी बात कहत। | चर्चा पर ध्यान न देते और कुछ भी नहीं कहते। |
| | | | |

21. गणतंत्र दिवस के मौके पर स्कूल में एक खास प्रार्थना सभा होने वाली है। बच्चों को इस सभा में भाग लेने के लिए बढ़ावा दिया जाता है। कमला को दूसरों के सामने बोलने में झिझक होती है। अगर आप कमला की जगह होते तो आप :

| | | | |
|---|---|---|---|
| सभा में भाग लेने की इच्छा नहीं रखते। | उलझन होने के कारण भाग नहीं लेते। | पूरे उत्साह से सभा में भाग लेते। | उलझन होने पर भी भाग लेते। |
| | | | |

22. स्कूल की छुट्टी के समय अध्यापिका तेज़ तूफान आने की चेतावनी देते हुए बच्चों को सुरक्षित रहने को कहती है। तभी बादल गरजने लगते हैं और बारिश शुरू हो जाती है। कमला का घर स्कूल से 30 मिनट की दूरी पर है और उसके मित्र का घर 10 मिनट की दूरी पर है। यदि आप कमला की जगह होते तो आप :

| | | | |
|---|---|---|---|
| यह मानकर कि तूफ़ान आने में देरी है, प्लास्टिक की शीट से खुद कोढक कर घर की ओर भागने की सोचते। | यह मानकर कि तूफान आने से पहले आप घर पहुँच ही जाएंगे, आप बिना किसी सुरक्षा के घर की तरफ भागने की सोचते। | चेतावनी सुनकर सोचते कि स्कूल में ही रुकना बेहतर रहेगा। | यह मानकर कि तूफ़ान आने मं`दरी है, प्लास्टिक की शीट से खुद को ढककर अपने मित्र के घर पहुँच कर वहीं रुकने की साचत। |
| | | | |

23. खेलते समय कमला को सुनने में आता है कि गांव में बाढ़ आने की संभावना है। यदि आप कमला की जगह होते तो आप :

| | | | |
|---|---|---|---|
| कुछ न करते और भाग्य पर छोड़ देते। | रेडियो/टीवी से जानकारी जुटाकर बाढ़ आने की खबर पक्की करते और उसके अनुसार उचित कदम उठाते। | सोचते कि हर साल इन्हीं दिनों बाढ़ आती है और बिना पूरी जानकारी जुटाए तुरंत कोई सुरक्षित जगह ढूँढने लग जाते। | सुनी सुनाई बात के बल पर सबको बाढ़ की सूचना देने की सोचते। |
| | | | |

24. कमला के जन्मदिन के अवसर पर उसकी माँ उसे एक निश्चित राशि में अपनी पसंद का उपहार ख़रीदने को कहती है। खिलौने की दुकान पर उसे पता चलता है कि उसके प्रिय खिलौने की कीमत उस राशि से अधिक है। यदि आप कमला की जगह होते तो आप :

| | | | |
|---|---|---|---|
| निपुणता से मोलभाव करके दुकानदार को कीमत कम करने के लिए मना लेते। | दुकानदार पर कीमत कम करने के लिए ज़ोर डालते। | बिना मोल–भाव करे और बिना कुछ खरीदे वापस आ जाते। | अपनी बात दृढ़ता से कहकर दुकानदार को कीमत कम करने के लिए राज़ी कर लेते। |
| | | | |

25. कमला की दादी उसे उसकी बुआ की शादी के मौके पर कान के बूँदे/बालियां, कपड़े या जूते में से एक चीज़ खरीदने का मौका देती हैं। कमला के पास पहले से ही काफ़ी जूते और कपड़े हैं। यदि आप कमला की जगह होते तो आप :

| | | | |
|---|---|---|---|
| बिना सोच–विचार करे अपनी सहेली के जैसी पैंट लेते। | उलझन में रहने के कारण कुछ भी नहीं ले पाते। | सोच–विचार करके आप बूँदे/बालियां खरीदने का फैसला लेते। | सोच–विचार करके अपने मन पसंद रंग के जूते लेते। |
| | | | |

26. कमला के माता–पिता कुछ दिनों के लिए यात्रा पर गए हैं। इस दौरान कमला को अपनी मौसी के घर ठहराया जाता है जो स्वभाव से बहुत कठोर हैं। यदि आप कमला की जगह होते तो आप :

| | | | |
|---|---|---|---|
| इस हालात में अपनी मौसी के घर से भाग जाते। | इस हालात को स्वीकार करते हुए हिम्मत बनाए रखते। | इस हालात को सहन करते हुए अपनी मौसी के कठोर शब्दों पर कम ध्यान देते। | मौसी के कठोर शब्दों के कारण बार–बार रोने लगते। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | |

27. कमला की सहेली विमला उससे कहती है कि उन्हें अपनी तीसरी सहेली सीमा के जन्मदिन पर एक गुड़िया बनाकर देनी चाहिए। यदि आप कमला की जगह होते तो आप :

| | | | |
|---|---|---|---|
| घर में रखे रंग–बिरंगे पुराने कपड़ों से गुड़िया बनाने की सोचते। | विमला की गुड़िया की नकल करके गुड़िया बनाने की सोचते। | अपनी बहन की बनाई गुड़िया को थोड़ बदलकर गुड़िय बनाने की सोचत। | सोचते की घर में तो गुड़िया बन ही नहीं सकती। |
| | | | |

**अली 13 साल का एक ज़िम्मेदार और खुशमिज़ाज़ लड़का है जिसे खेल–कूद बहुत पसंद है। उसे जानवरों से बहुत लगाव है।**

28. कल स्कूल की छुट्टी है लेकिन अध्यापिका बच्चों को वृक्षारोपण अभियान में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करती है। अली छुट्टी के दिन देर तक सोता है। अगर आप अली की जगह होते तो आप :

| | | | |
|---|---|---|---|
| उलझन होने के कारण भाग नहीं लेते। | इस अभियान में भाग लेने की इच्छा नहीं रखते। | उलझन होने पर भी भाग लेते। | समय पर पहुँच कर परू् उत्साह से अभियान मं`भाग लेत। |
| | | | |

29. क्रिकेट खेलते समय स्वामी से अली की बॉल खो जाती है। अब खेल जारी रखने के लिए एक नई बॉल खरीदनी है। यदि आप अली की जगह होते तो आप :

| | | | |
|---|---|---|---|
| स्वामी को यह कहकर कि उसी ने बॉल खोई है, उसे बॉल लाने के लिए मनाते। | स्वामी से समझौता करे बिना खेल छोड़कर घर चले जाते। | स्वामी से चर्चा करके समझौते पर पहुँचते। | स्वामी पर ज़ोर डालकर उसे बॉल खरीदने को कहते। |
| | | | |

30. अली को किसी वज़ीफ़े/स्कॉलरशिप योजना के बारे में पता चलता है, पर उसे यह नहीं पता कि वह इसके योग्य है या नहीं। यदि आप अली की जगह होते तो आप :

| | | | |
|---|---|---|---|
| अपनी योग्यता वज़ीफ़े का घोषणा–पत्र/फॉर्म पढ़कर तय करते। | अपनी योग्यता सहपाठियों की सुनी–सुनाई बात के बल पर तय करते। | आप सोच नहीं पाते कि आगे क्या करें। | जानकारी जुटाए बग़ैर वज़ीफ़े का फॉर्म भरने की सोचते। |
| | | | |

31. अली ने महसूस किया कि सीमा पिछले कुछ दिनों से उदास है। जब उसने सीमा से इस बारे में पूछा, तो सीमा ने बताया कि विद्यालय के ट्रिप पर जाने के लिए उसके पास 50 रूपए नहीं हैं इसलिए अध्यापक उसे ट्रिप पर नहीं ले जाएगें। यदि आप अली की जगह होते तो :

| | | | |
|---|---|---|---|
| आपको उस पर दया आती। | आप सीमा के बारे में न सोचते हुए आने वाले ट्रिप पर ध्यान देते। | आप सोचते कि सीमा अपने दोस्तों से बिछड़ने के कारण दुखी होगी। | आप सीमा के दुख को महसूस करते और उसको दिलासा देने की सोचते। |
| | | | |

32. हाल ही में अली की बिल्ली 'म्याऊँ' की मृत्यु हुई है। कुछ दिन बाद अली के स्कूल में कबड्डी टूर्नामेंट होने वाला है। यदि आप अली की जगह होते तो आप :

| | | | |
|---|---|---|---|
| म्याऊँ की वजह से खुद को लाचार महसूस करते और टूर्नामेंट के बारे में नहीं सोच पाते। | म्याऊँ को याद करके बार–बार रोते रहते और टूर्नामेंट में भाग लेने की सोचते। | म्याऊँ के साथ बिताए अच्छे पलों को याद करते हुए टूर्नामेंट की तैयारी में जुट जाते। | म्याऊँ के बारे में सोचते रहते और टूर्नामेंट की तैयारी करने की कोशिश करते। |
| | | | |

33. आधी छुट्टी के दौरान सभी बच्चे खेल के मैदान में क्रिकेट खेलने जा रहे हैं। मैदान में बहुत कंकड़ हैं। अली भी खेलना चाहता है पर उसने देखा कि उसकी चप्पल का तला टूट गया है। यदि आप अली की जगह होते तो आप :

| | | | |
|---|---|---|---|
| अपने रूमाल से चप्पल बाँधकर खेलने की सोचते। | चप्पल उतार कर खेलने की सोचते। | कक्षा में ही रुक जाने की सोचते। | जो सहपाठी खेल नहीं रहा होता, उसकी चप्पल माँगकर खेलने की सोचते। |
| | | | |

34. अली के लिए साइंस प्रोजेक्ट पूरा करना मुश्किल हो रहा है, इसलिए वह स्वामी से मदद मांगता

है। पर बीमार होने के कारण स्वामी अली की मदद नहीं कर पाता। यदि आप अली की जगह होते तो आप :

| बिना किसी की मदद के जैसे–तैसे प्रोजेक्ट पूरा करने का फैसला लेते। | किसी अन्य मित्र की मदद लेकर प्रोजेक्ट पूरा करने का फैसला लेते। | उलझन में होने के कारण कोई फैसला नहीं ले पाते। | स्वामी के ठीक होने तक प्रोजेक्ट को टालने का फैसला लेते। |
|---|---|---|---|
| | | | |

35. अली स्वामी से खुश नहीं है क्योंकि साइंस प्रोजेक्ट में उसे अच्छे अंक नहीं मिले। इसलिए अली स्वामी से कुछ दिनों से बातचीत नहीं कर रहा। अब दोनों को एक नए प्रोजेक्ट पर एक साथ काम करना है। यदि आप अली की जगह होते तो प्रोजेक्ट करते समय आप :

| स्वामी से खुलकर बातचीत करते। | स्वामी से बात करना बिलकुल बंद कर देते। | प्रोजेक्ट पूरा करने के लिए सिर्फ ज़रुरी बात करते। | स्वामी से ठीक से बात नहीं करते। |
|---|---|---|---|
| | | | |

36. अली की छोटी बहन छुटकी को स्कूल के नाटक में पेड़ बनना है। वह अली से पेड़ की ड्रेस बनाने के लिए मदद मांगती है। यदि आप अली की जगह होते तो आप :

| सोचते कि पेड़ की ड्रेस बन ही नहीं सकती। | किसी नाटक आदि में देखी हुई ड्रेस की नकल करके पेड़ की ड्रेस बनाने की सोचते। | काग़ज, गत्ते, कपड़े, पेड़ की टहनियों आदि से कई प्रकार की पेड़ की ड्रेस बनाने की सोचते। | किसी परुानी पेड़ की ड्रेस को थोड़ा बदलकर पेड़ की ड्रेस बनाने की सोचत। |
|---|---|---|---|
| | | | |

केवल ऑफिस प्रयोग के लिए

आईडी नं. [ ] टिप्पणी [ ]

***This tool has been developed by Young Lives India in collaboration with UNICEF***